-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 13.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 70 हजार रुपए बरामद।**

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि आज दिनांक 13.08.2025 को थाना बिसण्डा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध लोग ग्राम बाघा मण्डी के पास खड़े है और कोई घटना करने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा टीम के साथ मौके पर जाकर घेराबन्दी कर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 70 हजार रुपए बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी किए जाने की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि पिछले महिने उनके द्वारा कस्बा ओरन में तथा 4-5 माह पूर्व थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम कायल व भदेहदू में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जांच के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा दिनांक 26.08.2025 को कस्बा ओरन में, दिनांक 04.03.2025 को ग्राम भदेहदू में तथा 03.04.2025 को ग्राम कायल में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस सम्बन्ध पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और कहां-कहां चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

बरामदगी-

- 70 हजार रुपये नगद चोरी के
- 03 मोबाइल फोन

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मुकेश बंजारा पुत्र चन्द्रपाल निवासी मंसूर नगर थाना सकीट जनपद एटा।
2. सोनू पुत्र अमर सिंह निवासी अर्जुन नगर थाना सिकरी बाजार जनपद भटीन्डा (पंजाब)।
3. मुकेश बंजारा पुत्र राजवीर सिंह निवासी शिवपुरी कालोनी थाना टुन्डला जनपद फिरोजाबाद।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 269/25 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना बिसण्डा जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 113/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0 66/25 धारा 331(4),305,127(2) 115(2) 352,117(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री राजेश कुमार वर्मा प्र0नि0 थाना बिसण्डा
2. श्री हरिशरण सिंह चौकी प्रभारी ओरन
3. कां0 अनिल कुमार
4. कां0 आशीष कुमार
5. कां0 मनीष कुमार